77 वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

दैनिक डिजिटल अखबार

# पोलिट लाइव

सफलता पूर्वक साल 6

झारखण्ड-बंगाल बिहार संस्करण

+ वेब चैनल
+ यूट्यूब न्यूज
+ 1 लाख लोग

18 फरवरी 2026, अंक 233

A TRUSTED BRAND
CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL
CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)
ADMISSION OPEN
SESSION 2026 - 2027
NURSERY TO STD. 9 & 11
SCIENCE COMMERCE & ARTS
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION
LIMITED SEATS
FIT INDIA SCHOOL
TOP 500
ISO 9001:2015
9470585217, 9934319186| BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD

# झारखंड विधानसभा का बजट सत्र आज से

## स्पीकर ने बुलायी सर्वदलीय बैठक

**हेमंत सोरेन, बाबूलाल मरांडी समेत अन्य दल के नेता हुए शामिल**

### सुझावों पर विचार करेंगे

विधानसभा अध्यक्ष के कमरे में बैठक के बाद बाहर निकले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बैठक में बजट सत्र को लेकर सभी दलों के नेताओं ने अपने सुझाव दिये हैं। इन सभी सुझावों पर सरकार विचार करेगी और सबको साथ लेकर चलने का काम करेगी।



### 23 फरवरी को नहीं चलेगा सदन

स्पीकर ने बताया कि 23 फरवरी को झारखंड में नगर पंचायत चुनाव निर्धारित है। इस कारण संसदीय कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया जायेगा कि 23 फरवरी को सदन की कार्यवाही नहीं चलेगी, ताकि सभी सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में चुनावी दायित्वों का निर्वहन कर सकें।

### बजट सत्र की तैयारी में कोई कमी न रहे: हेमंत सोरेन

#### कमरे में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**रांची:** बजट सत्र बुधवार से शुरू हो रहे। इसके सुचारु संचालन एवं बजट की रूपरेखा को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक हुई। विधानसभा में मुख्यमंत्री कक्ष में हुई इस बैठक में राज्य की अर्थव्यवस्था, ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं महिला सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही, मुख्यमंत्री की दावोस में आयोजित ह्यवर्ल्ड इकोनॉमिक फोरमह्व में भागीदारी का वर्णन किया गया। जहां उन्होंने विश्व के नीति निमार्ताओं, औद्योगिक दिग्गजों एवं अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के साथ द्विपक्षीय चचाएं की। जिससे राज्य में निवेश के नये अवसर खुल सकें, इस पर भी विचार-विमर्श हुआ । मौके पर मुख्यमंत्री ने ट्राइबल वेलफेयर, स्कॉलरशिप एवं राज्य के जनहित से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने निर्देश दिया कि बजट सत्र ससमय आयोजित हो तथा इसकी तैयारी सुचारु रूप से की जाये। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतएव विभाग की तैयारी में कोई कमी न रहे। सत्ता दल एवं विपक्षी विधायकों के प्रश्नों एवं बजट संबंधी सवालों पर पूर्ण तैयारी सुनिश्चित की जाये। बैठक में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार सहित वित्त विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.

### 18 फरवरी से 19 मार्च तक चलेगा सत्र


तय कार्यक्रम में अनुसार बजट सत्र 18 फरवरी से 19 मार्च तक चलेगा। पहले दिन बुधवार को शोक प्रस्ताव और राज्यपाल का अभिभाषण होगा। सरकार 20 फरवरी को तृतीय अनुपूरक पेश करेगी। सरकार 24 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश करेगी। 28 फरवरी से 8 मार्च तक सत्र की बैठक नहीं होगी। 9 मार्च से फिर सदन की कार्यवाही शुरू होगी और 19 मार्च को बजट सत्र

**रांची :** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र बुधवार 18 फरवरी से शुरू हो रहा है। सत्र के सुचारु संचालन को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके कार्यालय कक्ष में सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक के बाद स्पीकर ने कहा कि सदन को शांतिपूर्ण उद्देश्य से सभी दलों के नेताओं के साथ चर्चा की गयी। सदन में सार्थक चर्चा हो, इसे लेकर सभी दलों से सहयोग की अपील की। सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, समेत अन्य दोलों के नेता मौजूद थे। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि आवश्यक तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी की जायें, ताकि सदन की कार्यवाही बिना किसी बाधा के सुचारु रूप से संचालित हो सके। सदन की कार्यवाही के दौरान अधिकारी मौजूद रहें, यह सुनिश्चित हो।

# भारत और फ्रांस मिलकर माउंट एवरेस्ट जैसी ऊंचाइयों पर उड़ान भरने वाला हेलिकॉप्टर का निर्माण करेगा: नरेंद्र मोदी

## प्रधानमंत्री ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से की मुलाकात, दुनिया की कई बड़ी कंपनियों के सीइओ भारतीय : मैक्रों

**मुंबई:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने मुंबई में संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस मिलकर भारत में ऐसे हेलिकॉप्टर का निर्माण करेंगे, जो माउंट एवरेस्ट जैसी ऊंचाइयों तक उड़ान भरेगा। मोदी ने फ्रांस को भारत का स्पेशल पार्टनर बताया और कहा कि दोनों देशों ने अपने रिश्तों को ह्यस्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिपह्व लेवल तक अपग्रेड करने का फैसला किया है। इसके तहत दोनों देश सिर्फ व्यापार या हथियारों की खरीद-फरोख्त तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि सुरक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष, समुद्री इलाकों की सुरक्षा और बड़े वैश्विक मुद्दों पर साथ मिलकर काम करेंगे। इससे पहले दोनों देशों के बीच संबंध ह्यस्ट्रैटेजिक



पार्टनरशिप लेवल के थे। यह पार्टनरशिप साल 1998 में शुरू हुई थी। राष्ट्रपति मैक्रों ने इंडिया फ्रांस इनोवेशन फोरम को संबोधित करते हुए कहा दुनिया के कई बड़ी कपनियों के सीइओ भारतीय हैं। उन्होंने कहा कि अल्फाबेट, माइक्रोसॉफ्ट, आइबीएम, एडोबी और पालो आल्टो नेटवर्क्स के सीइओ भारतीय हैं। अब भारत लीडरशिप करने वाला देश बन गया है। मैक्रों ने कहा कि इंडिया-फ्रांस इनोवेशन फोरम में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि डिफ-ेंस सेक्टर में फ्रांस, ह्यमेक इन इंडियाह्व का भरोसेमंद साथी है। दोनों देश मिलकर नये जमाने के इंजन, मल्टी-रोल हेलिकॉप्टर, मॉर्डन फाइटर जेट्स और पनडुब्बियां बनाने पर काम कर रहे हैं। मोदी और मैक्रों ने कर्नाटक के वेमगल में टाटा-एयरबस की एच125 लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर की लास्ट असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया। असेंबली लाइन वो जगह है जहां हेलिकॉप्टर का ढांचा, इंजन, पंखे, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम अलग-अलग स्टेज में जोड़े जाते हैं। यहीं पूरा हेलिकॉप्टर तैयार तैयार होता है।

### राष्ट्रपति बनने के बाद चौथी बार भारत पहुंचे मैक्रों

राष्ट्रपति बनने के बाद मैक्रों का यह चौथा भारत दौरा है। इससे पहले वे मार्च 2018 में पहली बार भारत आये थे। इसके बाद वे सितंबर 2023 में जी20 समिट के लिए और जनवरी 2024 में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनकर आये थे। भारत और फ्रांस के बीच 1998 से रणनीतिक साझेदारी है और दोनों देश रक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में साथ काम करते हैं। यह दौरा भी इसी सहयोग को आगे बढ़ाने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

# मतदाता जागरूकता के लिए जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**धनबाद :** नगर निकाय चुनाव 2026 के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन धनबाद नगर निगम एवं नगर परिषद चिरकुंडा क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान करने के प्रति जागरूक करेगा। इस अवसर पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान सबसे बड़ा अधिकार है। उन्होंने धनबाद नगर निगम एवं नगर परिषद चिरकुंडा के सभी नागरिकों से अपील की कि वे आगामी 23 फरवरी को मतदान के दिन अपने घरों से निकलकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। दजिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन लगातार किया जा रहा है, ताकि शत–प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सके।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में सैरात दर संशोधन को लेकर बैठक आयोजित

धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में नगर निगम क्षेत्र में सैरात दर संशोधन के लिए बैठक आयोजित की गई ।बैठक में नगर आयुक्त आशीष गंगवार ने बताया कि धनबाद नगर निगम क्षेत्र में 17 सैरात पार्किंग है। इनमें बरटांड बस स्टैंड, बैंक मोड़ स्थित झरिया टेक्सटाइल मार्केट रोड की दोनों ओर, लिलोरी मंदिर पार्क एवं कतरास बाजार हटिया स्थित पार्किंग एवं स्टॉल (बकरी हट्टा) में बंदोबस्ती नहीं हो पा रही है। जबकि उपरोक्त स्थलों के लिए कई बार विज्ञापन प्रकाशित किए गए हैं। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि उपरोक्त चारों स्थलों के लिए विगत कुछ वित्तीय वर्ष के रेट निकालकर एक बेस रेट तैयार करें। उसे विभाग को भेजें। विभाग से अनुमति मिलने के पश्चात सैरात दर निर्धारित करके, विज्ञापन प्रकाशित कर-।कर बंदोबस्ती करें।

बैठक में उपायुक्त श्री आदित्य रंजन, नगर आयुक्त श्री आशीष गंगवार, अनुमंडल दंडाधिकारी श्री लोकेश बारंगे, सहायक नगर आयुक्त सुश्री शिखा कुमारी, सिटी मिशन मैनेजर श्री अमनदीप, सहायक श्री सोनू कुमार मौजूद थे।



## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आम नागरिकों की शिकायतें



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के झरिया, राजगंज, बलियापुर, कतरास, गोविंदपुर, धनबाद सहित अन्य क्षेत्र से आए आम जनों की शिकायत सुनीं।
जनता दरबार में नागरिकों ने क्वार्टर संबंधित विवाद, बकाया राशि भुगतान, थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी द्वारा बिना लिखित आदेश के जमीन पर कार्य बंद कराने, ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या, भूमि विवाद, विद्युत आपूर्ति बाधित होने एवं मीटर जब्ती के विरुद्ध आपत्ति सहित विभिन्न मामले से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, बैंक शाखा से प्राप्त ऋण के ब्याज माफी, म्यूटेशन की प्रक्रिया रोकने, पुराने घर की मरम्मत के दौरान पड़ोसी द्वारा जानलेवा हमला करने की शिकायतें भी प्राप्त हुईं। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया तथा आवेदकों को शीघ्र समाधान का आश्वासन भी दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का निष्पक्ष एवं समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

# भाजपा समर्थित महापौर प्रत्याशी संजीव कुमार की लहर, सघन जनसंपर्क, जनसमर्थन उमड़ा

**झारखंड भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहू की प्रेस वार्ता, धनबाद में भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी के पक्ष में की अपील**



## 23 फरवरी को क्रमांक 27 हरा मिर्च छाप पर मतदान की अपील

**धनबाद :** नगर निगम चुनाव में महापौर पद के भाजपा समर्थित प्रत्याशी संजीव कुमार ने आज सिन्दरी बाजार से लेकर धनबाद शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने सिन्दरी गुरुद्वारा में श्रद्धापूर्वक माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा चंद्र विहार कॉलोनी में प्रबुद्धजनों से आत्मीय मुलाकात कर समर्थन एवं आशीर्वाद लिया। धनबाद सिविल कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं से भेंट कर उन्होंने आगामी 23 फरवरी को क्रमांक 27, हरा मिर्च छाप पर मोहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान जगह-जगह नागरिकों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। भूली में आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद ढुल्लू महतो ने बड़ी संख्या में उपस्थित जनसमूह से भाजपा समर्थित प्रत्याशी संजीव कुमार को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संजीव कुमार के नेतृत्व में धनबाद को पारदर्शी, समग्र और तेज़ विकास की दिशा मिलेगी।मनईटांड़ मंडल अंतर्गत वार्ड संख्या 29, 30 एवं 31 के गोल बिल्डिंग, दहुआटांड़, गांधीनगर, कब्रिस्तान रोड, सब्जी बागान रोड, पथराकूल्ही, कुम्हार पट्टी, बरमसिया, भूदा, महावीर नगर, जोड़ाफाटक, पुराना बाजार, रत्नेश्वर मंदिर समेत कई क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। रत्नेश्वर मंदिर के समीप आयोजित बड़ी आमसभा को सांसद ढुल्लू महतो, पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह एवं धनबाद विधायक राज सिन्हा ने संबोधित किया।

इधर, धनबाद विधायक राज सिन्हा ने सुबह से ही पुलिस लाइन डोमपाड़ा, नेपाल काली मंदिर, सुभाष चौक, खोखन तालाब, मास्टरपाड़ा, शिमलडीह, प्रेम नगर माडा कॉलोनी, चिरागोड़ा, जगधात्री मंदिर प्रोफेसर कॉलोनी, धोबी मोहल्ला, बिनोद नगर त्रिमूर्ति मंदिर, अंबेडकर नगर, बरमसिया पुल, झारखंड मैदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर भाजपा समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की। धनबाद के विधायक राज सिन्हा के आवासीय कार्यालय जगजीवन नगर में में स्वयं सहायता धनबाद की महिलाओं की बड़ी संख्या में जुटान हुआ, सभी ने एक मत से भाजपा समर्थित प्रत्याशी संजीव कुमार को अपना नैतिक समर्थन दिया। वीरेंद्र हांसदा, मौसम सिंह, मनोज गुप्ता, पंकज सिन्हा, अजय दास, इंद्रकांत झा, सुमन सिंह, ललन मिश्रा, राजाराम दत्ता , इंद्रभूषण कुशवाहा आदी उपस्थित थे।

**सांसद ढुल्लू महतो का आक्रामक बयानः** धनबाद को अब खोखले वादों और भ्रष्टाचार की राजनीति से मुक्ति चाहिए। भाजपा समर्थित प्रत्याशी संजीव कुमार ही एकमात्र ऐसा चेहरा हैं, जो धनबाद को स्वच्छ, सुरक्षित और विकसित नगर बनाने की क्षमता रखते हैं। जनता का जो अपार समर्थन आज देखने को मिल रहा है, वह यह साबित करता है कि 23 फरवरी को ऐतिहासिक जीत तय है। मैं धनबाद की देवतुल्य जनता से अपील करता हूं कि क्रमांक 27 हरा मिर्च छाप पर मोहर लगाकर संजीव कुमार को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाएं। धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि, धनबाद की जनता अब बदलाव चाहती है, विकास चाहती है और ईमानदार नेतृत्व चाहती है। संजीव कुमार जनता के सुख-दुख में हमेशा खड़े रहने वाले जमीनी नेता हैं। भाजपा का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि धनबाद को स्मार्ट, सुरक्षित और सुव्यवस्थित नगर बनाना है। विपक्ष केवल भ्रम फैलाने का काम कर रहा है, लेकिन जनता सब समझ चुकी है। 23 फरवरी को धनबाद की जनता भाजपा समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में ऐतिहासिक फैसला सुनाएगी। पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि धनबाद की बदहाली के लिए जिम्मेदार ताकतों को जनता इस बार करारा जवाब देने जा रही है। संजीव कुमार विकास, ईमानदारी और पारदर्शिता का प्रतीक हैं। उनके नेतृत्व में धनबाद एक नई पहचान बनाएगा। जनता का उत्साह और समर्थन यह साफ संकेत है कि इस बार जीत ऐतिहासिक होगी। 23 फरवरी को क्रमांक 27 हरा मिर्च छाप पर वोट कर धनबाद के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखें।




# झारखंड भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहू की प्रेस वार्ता, धनबाद में भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी के पक्ष में की अपील

**धनबादः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने धनबाद में की प्रेसवार्ता, संजीव कुमार की रिकॉर्ड जीत का किया दावा धनबाद नगर निगम चुनाव के मद्देनज़र भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू मंगलवार को धनबाद पहुंचे और बैंक मोड़ स्थित कार्यालय सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा समर्थित महापौर प्रत्याशी संजीव कुमार की रिकार्ड मतों से जीत का दावा करते हुए कहा कि धनबाद की जनता विकास, सुशासन और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन के लिए क्रमांक संख्या 27, चुनाव चिन्ह ह्लहरी मिर्च छापह्व पर मुहर लगाकर संजीव कुमार को भारी मतों से विजयी बनाएगी। प्रेस को संबोधित करते हुए आदित्य साहू ने पार्टी के बागी नेताओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अनुशासनहीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित नेताओं को शो-कॉज नोटिस जारी किया गया है और पार्टी की अनुशासन समिति पूरे मामले पर निगरानी रखे हुए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई निश्चित है। सूबे की हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार डर और दबाव में काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निकाय चुनाव को गैर-दलीय आधार पर कराने का निर्णय एक सोची-समझी साजिश के तहत लिया गया, लेकिन भाजपा के आंदोलन के दबाव में सरकार को चुनाव कराने के लिए मजबूर होना पड़ा।

महापौर पद के झामुमो समर्थित प्रत्याशी द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि ये सभी योजनाएं पूर्व की भाजपा सरकारों की देन हैं। उन्होंने कहा कि रघुवर दास के नेतृत्व वाली राज्य सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भ्रष्टाचार मुक्त शासन और कानून का राज था, जबकि वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है और विधि व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। उन्होंने हाल ही में डॉक्टर मिहिर के घर पर धमकी




भरा पोस्टर लगाए जाने की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था का स्पष्ट उदाहरण है।

प्रेसवार्ता में पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, गणेश मिश्रा, जिला अध्यक्ष श्रवण राय, राजकुमार अग्रवाल, मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा उर्फ कुमार अमित, मानस प्रसून, मिल्टन पार्थसार्थी सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मेयर प्रत्याशी सह झरिया के पूर्व विधयक संजीव सिंह के समर्थन में मंगलवार को सिंह मेंशन की महिलाओं ने धुआंधार जनसम्पर्क अभियान चलाई





**धनबाद :** नगर निगम चुनाव में मेयर प्रत्याशी सह झरिया के पूर्व विधयक संजीव सिंह के समर्थन में मंगलवार को सिंह मेंशन की महिलाओं ने बैंक मोड़ से धनसार चौक तक धुआधार जनसंपर्क अभियान चलकर जनता से समर्थन की अपील की। इस दौरान माता कुंती सि-ंह, संजीव सिंह की बड़ी बहन किरण सिंह, छोटी बहन ज्योति सिंह, छोटे भाई मनीष सिंह की पत्नी मिनी सिद्धार्थ सहित परिवार की अन्य महिलाओं ने घर घर जाकर लोगों से संजीव सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इसके अलावे ठेला खोमचा वाले और दुकानदारों से भी समर्थन की अपील की। इस दौरान माता कुंती सिंह ने कहा कि उनका परिवार कई दशकों से झरिया सहित पुरे धनबाद की सेवा में समर्पित है। धनबाद की चहुमुंखी धनबाद करना यहां के लोगों की सुरक्षा उनके परिवार की प्राथमिकता है। इस दौरान बैंक मोड़, मटकुरिया रोड, धोवाट-ांड़, शास्त्री नगर, राजेंद्र मार्केट, उर्मिला टावर इत्यादि इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाया।

## टीम मुकेश पांडेय ने चलाया जनसंपर्क अभियान, घर–घर पहुंचकर मांगा समर्थन

**धनबाद:** नगर निगम चुनाव को लेकर मेयर प्रत्याशी मुकेश पांडेय ने मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने गांधीनगर, मनईटांड़, पुराना बाजार, भुदा, तेलीपाड़ा, सूगियाडीह, हीरापुर और दस कॉलोनी क्षेत्रों में घर–घर जाकर लोगों से संपर्क किया और अपने पक्ष में समर्थन मांगा। डोर–टू–डोर प्रचार के दौरान मुकेश पांडेय और उनके समर्थकों ने स्थानीय नागरिकों से नगर निगम से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली तथा उनके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में निगम की कार्यशैली के कारण आम लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मुकेश पांडेय ने कहा कि यदि उन्हें जनता का आशीर्वाद मिला और वे चुनाव जीतते हैं, तो सबसे पहले निगम की कार्यप्रणाली को दुरुस्त किया जाएगा ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा, ह्लमैं आम लोगों के बीच रहता हूं और उनकी समस्याओं को भली–भांति समझता हूं। इसलिए निगम से जुड़ी हर समस्या के समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करूंगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान कई स्थानों पर लोगों ने अपने घरों से निकलकर उनका स्वागत किया और समर्थन व आशीर्वाद



दिया। समर्थकों में भी उत्साह देखा गया।

## सेवा व समर्पण के सदस्यों ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बरमसिया पुल पास बच्चों के साथ समय व्यतीत किया

**धनबाद :** हर मंगलवार की तरह इस मंगलवार को भी सेवा व समर्पण के सदस्यों ने शिक्षा को बढ़ावा देने के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए बर्मसिया पुल के पास स्थित आंगनबाड़ी एवं आसपास के मोहल्लों में जाकर बच्चों के साथ समय व्यतीत किया। इस दौरान बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया गया तथा उनके बीच कॉपी, चिप्स एवं अन्य खाद्य सामग्री वितरित की गई, जिससे उनमें शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़े। संस्था के सदस्य हमेशा से बच्चों एवं महिलाओं के उत्थान के लिए




कार्य करते आए हैं। आज के इस कार्यक्रम में कुल 50 बच्चों को शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीषा सिंह, काजल झा, सुरभि, स्नेहा, रेखा शर्मा, गुड़िया जी, विमल जी, अनीशा दास, कृष्णा जी, चैताली, रूबी जी, सुप्रति जी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संस्था ने भविष्य में भी ऐसे शिक्षा जागरूकता अभियानों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया है।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आम नागरिकों की शिकायतें

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के झरिया, राजगंज, बलियापुर, कतरास, गोविंदपुर, धनबाद सहित अन्य क्षेत्र से आए आम जनों की शिकायत सुनीं। जनता दरबार में नागरिकों ने क्वार्टर संबंधित विवाद, बकाया राशि भुगतान, थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी द्वारा बिना लिखित आदेश के जमीन पर कार्य बंद कराने, ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या, भूमि विवाद, विद्युत आपूर्ति बाधित होने एवं मीटर जब्ती के विरुद्ध आपत्ति सहित विभिन्न मामले से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, बैंक शाखा से प्राप्त ऋण के ब्याज माफी, म्यूटेशन की प्रक्रिया रोकने, पुराने घर की मरम्मत के दौरान पड़ोसी द्वारा जानलेवा हमला करने की शिकायतें भी प्राप्त हुईं। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया तथा आवेदकों को शीघ्र समाधान का आश्वासन भी दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का निष्पक्ष एवं समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।



## जांच के बाद 319 लाभुकों का पीएम कुसुम योजना के लिए हुआ चयन

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने प्रधान मंत्री कुसुम योजना के तहत सोलर पंप वितरण की आज समीक्षा की।

योजना के लिए धनबाद से एक, बलियापुर से 13, बाघमारा से 14, कलियासोल से 11, निरसा से 9, पूर्वी टुंडी 19, तोपचांची से 285, टुंडी से 16, गोविंदपुर से 67 सहित 435 आवेदन प्राप्त हुए थे। इस संबंध में पूर्व में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने आवेदनों को स्वीकृत करने से पहले इनमें से 20% आवेदनों की रेंडम जांच करने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया था।

वहीं आवेदनों की रेंडम जांच के बाद धनबाद के एक, बलियापुर के 6, बाघमारा 10, कलियासोल से एक, निरसा के 7, पूर्वी टुंडी के तीन, तोपचांची के 258, टुंडी के 9 तथा गोविंदपुर के 24 सहित 319 लाभुकों के आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, उप विकास आयुक्त श्री सन्नी राज, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी जियाउल अंसारी, जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा, विद्युत प्रमंडल व लघु सिंचाई के कार्यपालक अभियंता मौजूद थे।

# ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया, गोविंदपुर मे विज्ञान एवं कला–शिल्प प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

**गोविंदपुर :** ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया, गोविंदपुर, धनबाद के प्रांगण में विज्ञान एवं कला–शिल्प प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिम्फर के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. रण विजय कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में सिम्फर के वैज्ञानिक डॉ. इश्तियाक अहमद एवं आई० आई ० टी आई ०एस ०एम के सहायक प्राध्यापक डॉ. आनंद शंकर हाटी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक डॉ. एस. खालिद, अध्यक्षा डॉ. निकहत परवीन, विद्यालय प्रबंधक डॉ ममता सिन्हा एवं प्रधानाध्यापिका चांदनी त्रिगुणायत भी उपस्थित रहीं। साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया, जिनमें कक्षा वङ एवं नवमी की छात्राओं ने स्वागत नृत्य एवं गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। विज्ञान एवं कला–शिल्प प्रदर्शनी में कक्षा प्रथम से नवमी तक के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया तथा अपने आकर्षक एवं नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल एवं कलाकृतियों को देखकर अतिथियों ने उनकी सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों को निरंतर परिश्रम और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा मार्गदर्शन भी प्रदान किया।विज्ञान प्रदर्शनी में जूनियर विंग में रूम हीटर एवं वॉटर फिल्टर को प्रथम स्थान, डे एंड नाइट को द्वितीय, वॉटर हार्वेस्टिंग को तृतीय स्थान मिला वही सीनियर विंग में फायर ‌l७३ल्त्र्ह्ह्र४रौ१ को प्रथम स्थान, बजर गेम को द्वितीय स्थान एवं हाइपर ङ्क्लङ्क१ल्टिङ्क को तृतीय स्थान मिला।कला प्रदर्शनी में निखिल कुमार को सर्वश्रेष्ठ कलाकार के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ. एस. खालिद ने अपने संबोधन में बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने मेहनत और लगन के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं तथा भविष्य में भी वे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ इसका समापन किया गया।





## बच्चा चोर की अफवाह से सावधान, कानून अपने हाथ में न लें

### सोशल मीडिया संदेशों से फैल रही दहशत, निर्दोष लोगों पर हो रहे हमले

**गोमो:** धनबाद शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों ह्लबच्चा चोरह्व की अफवाहों को लेकर लोगों में भय और असमंजस का माहौल बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों में ऐसी कई घटनाएँ सामने आई है। जिनमें भीड़ ने केवल शक के आधार पर राह चलते लोनों, मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति या अपरिचित मजदूरों को पकड़कर मारपीट कर दी। बाद में पुलिस जांच में अधिकांश मामलों में पीड़ति व्यक्ति निर्दोष पाए गए। दरअसल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और व्हाट्सएप ग्रुपों में प्रसारित अपुष्ट वीडियो व संदेश इस तरह की घटनाओं का मुख्य कारण बन रहे हैं। कई वीडियो अन्य राज्यों या पुराने मामलों के होते हैं, जिन्हें स्थानीय घटना बताकर न्यूज़ की तरह वायरल कर दिया जाता है। इससे लोगों में अचानक आक्रोश फैलता है और भीड़ कानून अपने हाथ में ले लेती है। पुलिस के मुताबिक अफवाहों के कारण अब तक कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। कई मामलों में भीड़ ने पहले पूछताछ या सत्यापन तक नहीं किया। ऐसे मामलों मे अक्सर भीड़ में शामिल लोगों की मनोदशा अचानक उग्र हो जाती है और कुछ मिनटों में सामान्य लोग भी हिंसक व्यवहार करने लगते हैं, जिसका परिणाम गंभीर अपराध के रूप में सामने आता है।धनबाद पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर मारपीट न करें। यदि किसी पर संदेह हो तो तुरंत स्थानीय थाना अथवा डायल 112 पर सूचना दें, पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँचकर मामले की जांच करेगी।पुलिस ने यह भी कहा है कि अफवाह फैलाने, सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट शेयर करने या भीड़ बनाकर हिंसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में मारपीट, गंभीर चोट, हत्या के प्रयास तथा आईटी एक्ट सहित कई अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज हो सकती है।धनबाद पुलिस ने अपील करते हुए कहा कि अपुष्ट संदेश, फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर न करें। न्यूज़ की तरह दिखने वाली खबर भी पुरानी या फ़र्ज़ी हो सकती है, लिहाजा सोशल मीडिया पर बेहद सतर्क रहेंपुलिस ने सुरक्षा के मद्देनज़र अपील में कहा है कि अभिभावक बच्चों को अकेले सुनसान स्थानों पर न भेजें। बच्चों की सुरक्षा को लेकर सजग रहें। आसपास कोई अंजान शख्स दिखने पर अफवाह पर भीड़ न जुटाएँ। सदिग्ध लगे तो तुरंत पहले पुलिस को सूचना दें। शक के आधार पर किसी के साथ मारपीट बिल्कुल न करें। धनबाद पुलिस ने लोगों से संयम और सतर्कता बरतने की अपील करते हुए कहा कि अफवाह पर प्रतिक्रिया देने के बजाय कानून पर भरोसा रखें। जागरूक नागरिक ही सुरक्षित समाज का निर्माण करता है लिहाजा सतर्क रहें सुरक्षित रहें और अफवाह पर न तो भरोसा करें और न ही बेवजह किसी पर शक।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर का पुण्यतिथि संत थॉमस हाई स्कूल में मनाया गया





**गोमो:**महान स्वतंत्रता सेनानी और जननायक कर्पूरी ठाकुर का पुण्यतिथि मंगलवार को तोपचांची साहू बहीयार स्तिथ संत थॉमस हाई स्कूल में मनाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा किकर्पूरी ठाकुर एक महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक और राजनेता थे। वे दो बार बिहार के मुख्यमंत्री और एक बार उपमुख्यमंत्री रहे। उनके बताए गए आदर्शों पर आज की युवा पीढ़ी को चलने की जरूरत है। वहीं विशिष्ट रूप से उपस्थित तोपचांची अंचलाधिकारी नीलू टुडू ने कहा कीकर्पूरी ठाकुर ने पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की और शिक्षा को बढ़ावा दिया। वे एक सादगीपूर्ण जीवन जीने वाले व्यक्ति थे और उनकी ईमानदारी के लिए उनको जाने जाते थे। नाई समाज के अध्यक्ष भागीरथ ठाकुर ने कहा आज कर्पूरी ठाकुर का पुण्यतिथि मनाया जा रहा है, जननायक कर्पूरी ठाकुर का निधन 17 फरवरी 1988 को हुआ था। उन्हें 2024 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। इस दौरान उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी कर्पूरी ठाकुर के जीवनी पर अपनी–अपने विचारों रखें। मौके पर मुख्य रूप से विधायक मथुरा प्रसाद महतो, अंचलाधिकारी नीलू टुड्डू, तोपचांची थाना प्रभारी अजीत कुमार भारती, नाई समाज के अध्यक्ष भागीरथ ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, लालचंद महतो, मो फरीद, मो यूनुस, मो हफीज, मो मजीद अंसारी तथा संत थॉमस हाई स्कूल के डायरेक्टर परितोष कुमार महतो, प्रिंसिपल नमिता साह, प्रिंसिपल डॉ नरेंद्र सिंह, प्रशासनिक प्रमुख पीयूष कुमार, एवं तुलसी महतो, सलमान अंसारी, प्रभाकर कुमार सोनी, पंकज कुमार, अविनाश कुमार, नेहा परवीन, जैकलिन, निष्ठा, डोली, गायत्री, आदि उपस्थित थे।

# वार्ड संख्या 23 के पार्षद प्रत्याशी विकाश कुमार सिन्हा ने चुनावी प्रचार के दौरान तपोवन कॉलोनी राज निवास में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया

**धनबाद :** वार्ड संख्या 23 के पार्षद प्रत्याशी विकाश कुमार सिन्हा ने चुनावी प्रचार के दौरान तपोवन कॉलोनी राज निवास में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए विकास को लेकर बड़ा और स्पष्ट संकल्प लिया।

उन्होंने कहा किपिछले कई वर्षों से चुनाव न होने के कारण वार्ड 23 में विकास कार्य ठप पड़े रहे। मैं जनता को विश्वास दिलाता हूँ कि अगर मुझे आपका आशीर्वाद मिला और मैं चुनाव जीतकर पार्षद बना, तो एक–एक रुका हुआ काम पूरा किया जाएगा। विकास अब रुकेगा नहीं, तेज़ रफ्तार से आगे बढ़ेगा। विकाश कुमार सिन्हा ने दो टूक शब्दों में कहा कि वार्ड के नागरिकों को अब मूलभूत समस्याओं से जूझना नहीं पड़ेगा। सड़क, नाली, पानी, सफ़ाई, स्ट्रीट लाइट और जनसुविधाओं से जुड़े सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि वार्ड संख्या 23 को मुख्यधारा से जोड़ते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को पूरी ताकत के साथ धरातल पर उतारा जाएगा, ताकि हर गरीब, हर बुज़ुर्ग, हर महिला और हर युवा को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके।

सभा के अंत में उन्होंने जनता से आह्वान किया कि ह्लअगर आप वार्ड 23 को सच में आगे बढ़ते देखना चाहते हैं, तो एक मज़बूत और ईमानदार नेतृत्व को मौका दें। मैं वादा नहीं, काम करके दिखाऊँगा।ह्व जनसभा में मौजूद सैकड़ों लोगों ने तालियों और नारों के साथ उनके संकल्प का समर्थन किया।



# सिंदरी में निर्दलीय प्रत्याशी संजीव सिंह के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब, नेहरूमैदान की जनसभा में दिखा अभूतपूर्व उत्साह



**सिंदरी :** सिंदरी विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को जनसमर्थन की ऐतिहासिक मिसाल बन गया। निर्दलीय मेयर प्रत्याशी संजीव सिंह के समर्थन में विभिन्न क्षेत्रों में भारी भीड़ उमड़ी और पूरे दिन क्षेत्र ‟संजीव सिंह जिंदाबाद” के नारों से गूंजता रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत सिंदरी के राजा बस्ती में सतीश महतो के आवास से हुई, जहाँ रवि शंकर सिंह के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने पुष्पमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। इसके बाद काफिला सेल गेट (चासनाला), सेफ्टी ऑफिस, वर्क शॉप, चासनाला ग्राउंड, महासक्ति ग्राउंड और शिव शक्ति ग्राउंड पहुँचा, जहाँ बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने समर्थन व्यक्त किया। हेट कांड्रा बस्ती और कांड्रा दुर्गा मंदिर में भी श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। कोल बोर्ड कॉलोनी, बाबा लोकनाथ मंदिर (पुराना फाड़ी), चूड़ी पट्टी और गौशाला बाजार में जनसंपर्क के दौरान व्यापारियों एवं आमजन ने अपने मुद्दों को रखा, जिस पर संजीव सिंह ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। अटल चौक पर माल्यार्पण कर उन्होंने क्षेत्र के महापुरुषों को नमन किया। डोमगढ़ शिव मंदिर,डी वी सी कॉलोनी (छोटा डोमगढ़) और सिंदरी बस्ती में भी जनसैलाब उमड़ा और लोगों ने निर्दलीय प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन नेहरू मैदान (सिंदरी) में आयोजित विशाल जनसभा के साथ हुआ, जहाँ हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। जनसभा को संबोधित करते हुए संजीव सिंह ने कहा, ‟सिंदरी की यह ऐतिहासिक उपस्थिति बता रही है कि जनता बदलाव चाहती है। मैं राजनीति नहीं, सेवा की भावना से चुनाव मैदान में उतरा हूँ। सिंदरी और धनबाद के हर वार्ड में विकास, पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता दी जाएगी। आपका यह स्नेह और समर्थन मेरी सबसे बड़ी ताकत है।उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याएँ–सड़क, पानी, सफाई, स्वास्थ्य और युवाओं के रोजगार–उनकी प्राथमिकता रहेंगी।

पूरे कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा। जगह–जगह पुष्पवर्षा, गाजे–बाजे और नारों के बीच संजीव सिंह को जनता का अपार स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद मिला। सिंदरी विधानसभा क्षेत्र का यह दौरा चुनावी माहौल में नई ऊर्जा और जोश भरने वाला साबित हुआ।



## आजाद नगर में खुला बच्चों एवं महिलाओं के लिए आकर्षक बुटीक स्टोर

**गोमो:** आजाद नगर में मंगलवार को खान बुटीक स्टोर का शुभ उद्घाटन समाजसेवी मो समीर अंसारी ने फीता काटकर किया। समाजसेवी मो समीर अंसारी ने कहा कि इस तरह के कपड़े की दुकान यहां पर खुल जाने से स्थानीय लोगों को बेहतर वैरायटी के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी सभी तरह के वैरायटी यहां पर उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान दुकान के संचालक अमजद खान और इरशाद हासिक ने बताया कि उक्त स्टोर से सस्ते दरों पर बच्चों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न तरह के कपड़े की वैरायटी उपलब्ध है। उद्घाटन के मौके पर आज के दिन विशेष ऑफर के साथ साथ एक गिफ्ट भी सभी ग्राहकों को दिया जा रहा है। मौके पर मुख्य रूप से मोहम्मद जावेद मंसूरी, सिंगर सोनू खान, मोहम्मद शब्बीर उर्फ डब्बू, मोहम्मद इरफान आदि उपस्थित थे।



## कंफर्ट फैमिली सैलून का रणविजय सिंह ने फीता काटकर किया उद्घाटन





**धनबाद :** मंगलवार को सरायढेला, लिबर्टी शोरूम के बगल में कंफर्ट फैमिली सैलून का उद्घाटन मुख्य अतिथि रणविजय सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। रणविजय सिंह ने कहा यह कंफर्ट सैलून लग्जरी ब्यूटी और वेलनेस पर केंद्रित है जिसका धनबादवासी अपने पूरे परिवार के संग इनके बेहतरीन परफेक्ट एंड ऑथेंटिक सर्विसेज से लाभान्वित होंगे ।कंफर्ट सैलून के ऑनर विप्लव सेन ने कहा समस्त भारत में कंफर्ट का 10 ब्रांच और झारखंड का यह पहला ब्रांच धनबाद में शुभारंभ किया गया है। जिसमें इनॉग्रल डिस्काउंट ग्राहकों के लिए 300 रूपये में हेयर कट और सेविंग, महिलाओं के लिए सभी सेवाओं में 40% की छूट दी गई है सीनियर सिटीजन के लिए हेयरकट में विशेष रियायत दी गई है ।इसके अलावा अन्य आकर्षक पारिवारिक सैलून ऑफ़र्स शुरू किए हैं। यह एक प्रीमियम फैमिली सैलून है, जहां पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों के लिए आधुनिक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। महिलाओं के लिए अलग एवं निजी सेक्शन की सुविधा दी गई है, जिससे वे पूरी सुरक्षा और आरामदायक वातावरण में सेवाओं का लाभ ले सकें। विप्लव सेन के अनुसार यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्वच्छता एवं सुरक्षा मानकों का विशेषध्यान रखा जाता है। उद्घाटन के अवसर पर वेगा के क्रिएटिव आर्टिस्ट वीरेंद्र वर्मा भी मौजूद थे उन्होंने सैलून के सभी स्टाफ को ब्यूटी मेकअप एवं हेयरकट के विशेष टिप्स बताये । सैलून के ऑनर इंद्रानी सेन ने बताया कि उनके टीम का इस प्रोफेशन में 25 वर्षों का अनुभव है और सैलून के अपने अकादमी के द्वारा अनुभवी एवं प्रशिक्षित पर्सन्स के द्वारा यहां फेस स्कैनर,हेयर स्टाइलिंग, ब्यूटी, कोरियन हेयर स्पा, मेकअप, एक्सक्लूसिव ब्राइडल सर्विस , स्किन केयर, नेल्स समेत सभी आधुनिक सेवाएं उपलब्ध हैं।